बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

प्रधानाध्यापक लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि. सं.–02/2022) के परीक्षार्थियों/संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों के लिए

आवश्यक सूचना

दिनांक–31.05.2022 को एकल पाली में 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जाने वाली प्रधानाध्यापक लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा विज्ञापन संख्या–02/2022 के सफल, सुव्यवस्थित एवं कदाचाररहित संचालन हेतु निम्नांकित बिन्दुओं का अनुपालन परीक्षार्थियों एवं परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाना है:–

1. **परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर, परीक्षा प्रारंभ होने की अवधि (12:00 मध्याह्न) से 1½ घंटा पूर्व अर्थात् 10:30 पूर्वाह्न प्रवेश की अनुमति दी जायेगी तथा परीक्षा आरंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात् 11:30 पूर्वाह्न के पश्चात् किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
2. परीक्षा केन्द्र परिसर जहाँ परीक्षा होनी है, में परीक्षार्थी अपने साथ ब्लू/ब्लैक बॉल प्याईंट पेन के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री न लाए, यथा; कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लुटुथ वाई–फाई, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, स्मार्ट वॉच (किसी भी प्रकार की घड़ी) आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा Whitener/Blade/Eraser आदि पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसका उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध विधिसम्मत् कड़ी कार्रवाई की जायेगी।
3. उत्तर पत्रक में काट–कूट/परिवर्तन या पेंसिल द्वारा अंकित उत्तर को अमान्य कर दिया जायेगा। OMR Sheet एवं Roll Sheet पर Question Booklet Series निश्चित रूप से अंकित करें। अन्यथा उनके OMR Sheet का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
4. आई.डी.प्रूफ, यथा–आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई. डी. कार्ड/पासपोर्ट आदि में से किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक के द्वारा माँगे जाने पर समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।

28.5.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना